दिन– सोमवार | दिनांक– 19 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– महिलाओं की राजनीति में अधिक से अधिक भागीदारी से देश विकसित बनेगा।

02 महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के मुद्दे पर एनडीए नेताओं ने विपक्ष के खिलाफ देशभर में विरोध दर्ज कराया।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल होगा मतदान।

04. और, राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप। रोहतास के डेहरी समेत विभिन्न स्थानों पर अधिकतम पारा बयालीस डिग्री के पार।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश का विकास सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की साजिश के कारण दो हजार उनतीस में महिलाओं को आरक्षण देने वाला विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका।

–––साउंड बाईट–––

विकसित भारत बनाने में बेटियों की भूमिका का विस्तार हो, राजनीति में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां आए लेकिन साथियों, आपने देखा है कि संसद में क्या हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण का पर्याय बन चुकी है जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां महिला विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इन दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के खिलाफ एक उम्मीदवार को खड़ा किया था।

–––साउंड बाईट–––

बीजेपी ने देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। कांग्रेस टीएमसी ने आदिवासी राष्ट्रपति को पराजित करने के लिए बहुत बड़ा खेल खेला था। यानि यह नहीं चाहते थे कि आदिवासी बेटी देश की राष्ट्रपति बने।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरूद्ध मतदान करने वाले दल परिवारवादी हैं और वे आम महिलाओं को

संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहते। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित हो गया होता तो बिहार विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर एक सौ बाईस हो जाती।

---साउंड बाईट---

---

भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के अन्य घटक दल महिला आरक्षण से संबंधित एक सौ इकतीसवां संविधन संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद विपक्ष के खिलाफ देशव्यापी विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसी क्रम में आज पार्टी की महिला सांसदों और मंत्रियों ने पटना समेत विभिन्न स्थानों पर प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया है। भारतीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर विपक्ष का दोहरा चरित्र सामने आ गया है।

---साउंड बाईट---

---

महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने को लेकर एनडीए के सहयोगी दलों ने भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को मिल रहे अधिकार को रोकने का काम किया है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चुनावों में जनता उन्हें सबक सिखायेगी।

---साउंड बाईट---

वहीं, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि विधेयक को रोक कर कांग्रेस ने बड़ी गलती की। श्री मांझी ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने महिलाओं का अपमान किया है।

---साउंड बाईट---

---

इधर, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने एनडीए सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक नहीं बल्कि परिसीमन विधेयक की हार हुई है। बैंगलुरू में पत्रकारों से बातचीत में श्री खड़गे ने कहा कि महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से वर्ष दो हजार तेईस में ही पारित कर दिया गया था, जिसे भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने तीस महीने में ठंडे बस्ते में रखा। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि

महिलाओं के नाम पर परिसीमन बिल पास कराने का प्रयास विफल हो गया है। श्री यादव ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि राजद समेत पूरा विपक्ष महिलाओं के आरक्षण के पक्ष में हमेशा रहा है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल मतदान कराया जायेगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव कयूम अंसारी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर लोग नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नम्बर से समर्पक कर सकते हैं। हेल्पलाईन नम्बर है— सात नौ सात, नौ नौ पांच एक, दो नौ सात। श्री अंसारी ने बताया है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण ग्यारह पैक्सों का चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में डेढ़ लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री सह परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये हैं। इसका उद्देश्य दुर्घटना के तुरंत बाद गोल्डेन आवर में घायलों को वित्तीय बाधा के बिना त्वरित इलाज उपलब्ध कराना है। श्री चौधरी ने बताया कि राजधानी पटना समेत प्रमुख शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, आईटीएमएस लागू किया जायेगा।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को दिशा—निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए।

————————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि शराबबंदी कानून सही है, लेकिन इसे लागू करने का तरीका सही नहीं है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री मांझी ने कहा कि इस कानून की समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे राजस्व का फायदा भी होगा और गरीबों को बेवजह की प्रताड़ना से राहत मिलेगी।

————साउंड बाईट———

————————————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन आज पटना के मां ब्लड सेंटर परिसर में आयोजित विशेष बोनमैरो ट्रांसप्लांट के अंतिम स्क्रीनिंग शिविर में शामिल हुये। उन्होंने शिविर का उद्घाटन करते हुये कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से मानव सेवा को प्रोत्साहन मिलता है।

———————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों में अधिकतम पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण बिहार के अधिकांश स्थानों पर अगले दो से चार दिनों के दौरान लू की स्थिति बनी रहने की सम्भावना है। इधर, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, सुपौल, पूर्णिया, मधुबनी और सीतामढ़ी समेत राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना भी जतायी है।

———————————————————————

अक्षय तृतीया का त्यौहार आज पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार सौभाग्य और सफलता का प्रतीक है। इस दिन सोना खरीदने का प्रचलन है। आज भगवान परशुराम की जयंती भी मनायी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान परशुराम ने अत्याचार और अधर्म के विरूद्ध अपना जीवन समर्पित किया और समाज में न्याय की स्थापना की।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संघ का चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया है। वरीय अधिवक्ता योगेश चन्द्र वर्मा संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। वहीं, अधिवक्ता जय शंकर प्रसाद सिंह महासचिव और अधिवक्ता पुष्पा सिन्हा कोषाध्यक्ष चुनी गयी हैं। इधर, सहायक सचिव के तीनों पद पर महिलाओं ने जीत दर्ज की है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने आज बेगूसराय जिला अतिथि गृह में बेगूसराय न्यायमंडल के न्यायाधीशों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय संबंधित समस्याओं के निष्पादन के निर्देश दिये।

———————————————————————

मधुबनी जिले के कलुआही प्रखंड अन्तर्गत मधेपुर पंचायत में समझौता बैठक के दौरान मार–पीट मामले में पुलिस ने मुखिया, सरपंच समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

अररिया पुलिस ने साईबर ठगी के बड़े मामले का खुलासा करते हुये तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों के पास से पांच मोबाईल फोन, नौ एटीएम कार्ड और बाईस हजार रूपये नकद बरामद किये हैं।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– महिलाओं की राजनीति में अधिक से अधिक भागीदारी से देश विकसित बनेगा।

02 महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के मुद्दे पर एनडीए नेताओं ने विपक्ष के खिलाफ देशभर में विरोध दर्ज कराया।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल होगा मतदान।

04. और, राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप। रोहतास के डेहरी समेत विभिन्न स्थानों पर अधिकतम पारा बयालीस डिग्री के पार।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।